लोक सभा अध्यक्ष ने दशहरे की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 07 अक्तूबर 2019 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दशहरे की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा : "दशहरे के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। बुराई पर अच्छाई की जीत का यह पर्व साहस और त्याग का प्रतीक है तथा जीवन की प्रत्येकअवस्था में धर्म के मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा देता है। भगवान राम सत्य, नैतिकता और ज्ञान के गुणों का प्रतिरूप हैं और हमें इस पावन दिवस पर उनसे प्रेरणा लेकर उनके वैश्विक प्रेम और बंधुत्व के संदेश को आत्मसात करना चाहिए। मेरी कामना है कि देश भर में दशहरे का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाए और यह समाज के सभी वर्गों में शांति और समृद्धि लाए।"